# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र
# 2024–25
# गृह विज्ञान (सैद्धान्तिक)

समयः 3 घण्टे पूर्णांकः 70

**निर्देशः** (I) इस प्रश्न–पत्र में कुल 24 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(II) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(III) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा समुचित उत्तर दीजिए।

(iV) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है। इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गए हैं। सही विकल्प अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। प्रश्न संख्या 2 से 5 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं।

(V) प्रश्न संख्या 1 का प्रत्येक खण्ड एक अंक का है। प्रश्न संख्या 2 से 5 तक एक अंक के प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या 6 से 10 तक दो अंक के प्रश्न है। प्रश्न संख्या 11 से 20 तक तीन अंक के प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या 21 से 24 तक चार अंक के प्रश्न हैं। जिसमें प्रश्न संख्या 24 केस/स्रोत आधारित है।

1. (क)........................................ का उपयोग करके कार्यस्थल पर उत्पादकता को बढ़ाया जाता है।
(i) तकनीकी क्षमता (ii) सुकार्यिकी (iii) चुनौतियॉ (iv) संकट 1
(ख) रोगी को चिकित्सीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समायोजित किए जाने वाले आहार को कहते है– 1
(i) नियमित आहार (ii) औषधीय आहार (iii) संशोधित आहार (iv) चिकित्सीय आहार
(ग) जैम, जैली, सॉसा आदि बनाने के लिए चीनी मिलाने की विधि कहलाती है– 1
(i) कैंनिंग (ii) सूखना (iii) पाश्चुरीकरण (iv) रेफ्रीजिरेशन
(घ) सरकार द्वारा संचालित समेकित बाल विकास (ICDS) योजना के अन्तर्गत – 1
(i) बालबाड़ियॉ कार्यरत हैं। (ii) ऑगबाड़िया कार्यरत हैं। (iii) शिशु केन्द्र कार्यरत हैं
(iv) उपरोक्त सभी
(ङ़) कानून का उल्लंघन करने पर संरक्षक देखभाल में रखे गये दोषी पाए किशोरों को किस प्रकार के घरों में रखा जाता है। 1
(i) प्रेक्षण गृह (ii) विशेष गृह (iii) किशोर/बाल गृह (iv) एस0 ओ0 एस0 बाल गॉव
(च) किसी रंग का हल्कापन या गहरापन कहलाता है– 1
(i) ह्मू (ii) आभा (iii) तीव्रता (iv) उपरोक्त सभी
(छ) परिधान में डिजाइन करने वाली स्त्री को क्या कहते है– 1
(i) टेलर (ii) कूटुरियरे (iii) ड्रेस डिजायनर (iv) इनमें से कोई नहीं
(ज) S M O I का पूर्ण रूप– 1
(i) सिल्क मैनेजमैंट ऑगेनाइजेशन ऑफ इंडिया ।
(ii) सिल्क मार्क ऑगेनाइजेशन ऑफ इंडिया।
(iii) भारत में सिल्क मार्क ऑरिएंटेशन।

(iv) भारत में सिल्क मैन्युफैक्चरिंग ऑरिएंटेशन।

निर्देशः प्रश्न संख्या –1 के अगले दो खण्डों में, दो कथनों को अभिकथन (A) तथा कारण (R) के रूप में चिन्हित किया गया है। निम्नलिखित विकल्पों (i), (ii), (iii), तथा (iV) में से चुनकर इनका सही उत्तर दीजिए।

(i) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R),(A) की सही व्याख्या करता है।

(ii) (A) तथा (R) दोनों सही हैं परन्तु (R),(A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(iii) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।

(iV) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं।

(झ) **अभिकथन (A)**: खाद्य जनित रोगाणु विभिन्न प्रकार के खाद्यजनित रोग जैसे कि – संक्रमण और विषाक्तता उत्पन्न करते हैं। 1

**कारण (R)**: कई जीवधारी अथवा सूक्ष्मजीवीं ऐसे होते हैं जो खाद्य पदार्थो में पहले से उपस्थित होते है या फिर किसी विशेष परिस्थिति में उनमें पनपते हैं। खाद्य पदार्थो में ऐसे सूक्ष्मजीवों की उपस्थिति से विभिन्न प्रकार के रोग उत्पन्न होते हैं।

(ञ) **अभिकथन (A)**: अस्पताल के कपड़ो को धोने के बाद निपुणता से प्रेस नहीं किया जाता है। 1

**कारण (R)** : अस्पताल के धुलाईधरों का मुख्य उद्देश्य /ध्यान कपड़ों की सफाई, स्वच्छता और कीटाणुरहित रखने पर होता है।

2. राजस्थान किस हस्त शिल्प के लिए प्रसिद्ध है? 1
3. श्रीमान संदीप अधिक नमक और सोडियम की मात्रा वाले प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थो का सेवन करते है। वे जीवन शैली के किस रोग से पीड़ित होने के उच्च जोखिम में हैं? 1
4. रेड रिबन एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से किस बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी है? 1
5. मोबाइल फोन के उपयोग ने किन सेवाओं को सुलभ तथा सुसाध्य बना दिया है? कोई दो उदाहरण दीजिए। 1
6. जन पोषण स्वास्थ्य से क्या तात्पर्य है? भारत कुपोषण का दोहरा भार उठाा रहा है। इसका क्या अर्थ है? 2
7. खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता एक वैश्विक मुद्दा क्यों हे?स्पष्ट कीजिए। 2
8. पानी की बोतल पर पाए जाने वाले मानकीकरण चिन्ह को बनाइए। 2
9. आपके वस्त्रों में होने वाली उर्ध्वाधर लकीरे आपके शारीरिक डील–डौल की छवि को किन दो तरह से प्रभावित करती है? 2
10. एक सब्जी वाला किन दो तरीकों से अपने ग्राहक को ठग सकता है? 2
11. कस्तूरबा बालिका विद्यालय के विषय में लिखिए। 3
12. रोगी को भोजन खिलाने का सर्वोत्तम तरीका कौन सा है? नली द्वारा भोजन देने और अन्तः शिरा संभरण में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 3

13. आई0 डी0 ए0 (आयरन डेफिशिएंशी एनीमिया) तथा आई0 डी0 डी0 (आयोडीन डेफिशिएंशी डिस्आर्डर) की कमी के क्या परिणाम होते है। 3

14 .खाद्य संदूषण और खाद्य मिलावट में उदाहरण सहित अन्तर स्पष्ट कीजिए। 3

15. बाल गृह क्यों बनाए गए है? तीन प्रकार के बाल गृहों की आवश्यकता को इंगित कीजिए। 3

16. मुंसेल रंग चक्र के अनुसार रंगों के तीन प्रकार कौन–कौन से होते है? उदाहरण सहित समझाइए। 3

17. फैशन चक्र को परिभाषित कीजिए। इसके चरणों के नाम लिखते हुए उपयुक्त आरेख बनाइए। 3

18. वस्त्रों की धुलाईं विज्ञान तथा कला दोनों है। इस कथन की विवेचना कीजिए। 3

19. किसी होटल के गृह व्यवस्था विभाग के किन्हीं तीन सदस्यों के उत्तरदायित्वों को लिखिए। 3

20. सूचना संचार प्रौद्योगिकी विकास की भावी वाहिका है। टिप्पणी कीजिए। 3

21. आपकी माताजी को खरीद के दौरान होने वाली धोखाधड़ी /समस्याओं से अवगत कराएँ। मानकीकरण चिन्ह क्या है? किन्ही दो को चित्र सहित विस्तारपूर्वक समझाइए। 4

22. किन्ही चार प्रकार के प्रतिष्ठानों के बारे में लिखिए जो आतिथ्य सेवाएँ प्रदान करते है। 4

23. प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के महत्व को विस्तारपूर्वक समझाइए। 4

अथवा

भारत में युवाओं के लिए चलाए जाने वाले किन्ही दो कार्यक्रमों के विषय में विस्तारपूर्वक लिखिए।

24. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

फैंशन आज एक बड़ा व्यापार है जो डिजाइन, विनिर्माण, वितरण विपणन खुदरा बिक्री, विज्ञापन, संचार, प्रकाशन और परामर्श में लाखों लोगों को रोजगार देता है, फैशन डिजाइन को समझने के लिए, हमें फैशन की प्रकृति को समझने की जरूरत है और यह कैसे काम करता है, फैशन की बुनियादी बातों, फैशन ओर इसे प्रभावित करने वाले कारकों के बीच संबंधों और अवधारणाओं को भी समझना आवश्यक है।

(i) ''**फैंशन आज एक बड़ा व्यापार है**'', इस कथन से आप क्या समझते हैं? 2

(iii) फैशन ट्रैंडस का क्या अर्थ है? 1

(iv) फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में जीविका/रोजगार के कोई दो अवसर लिखिए। 1